**जल जीवन मिशन- हर घर नल से जल योजना कार्यक्रम अन्तर्गत दिनांक 22.01.2026 को जिलाधिकारी, बलिया की अध्यक्षता में जनपद-बलिया में ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण एवं अनुश्रवण हेतु नामित सम्बन्धित एजेन्सियों के कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक की कार्यवृत्त।**

जल जीवन मिशन- "हर घर नल जल योजना" कार्यक्रम अनार्गत दिनांक 22.01.2026 को जिलाधिकारी, बलिया की अध्यक्षता में जनपद-बलिया में ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण एवं अनुश्रवण हेतु नामित सम्बन्धित एजेन्सियों के कार्यों की प्रगति समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिसमें निम्नलिखित अधिकारियों एवं नामित एजेन्सी के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. मुख्य विकास अधिकारी, बलिया।
2. जिला विकास अधिकारी, बलिया।
3. अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड द्वितीन, तृतीय, चतुर्थ बलिया।
4. सहायक अभियना सिचाई प्रथम, बलिया।
5. अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), बलिया।
6. बेसिक शिक्षा अधिकारी, बलिया।
7. जिला सूचना एवं सम्पर्क अधिकारी, बलिया।
8. सहायक अभियन्ता, आ५० जल निगम (ग्रामीण), बलिया।
9. जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रवन्धन इकाई, बलिया।
10. टीम लीडर मेसर्स नेधज लि. (टी0पी0आई0)।
11. समस्त संस्था प्रमुख इम्पलीमेंटेशन सपोर्ट एजेन्कीज।
12. टीम लीवर स्वजन फाउण्डेशन, बलिया।
13. परियोजना प्रबन्धक मेसर्स EL-SIPL(IV), बलिया।
14. परियोजना प्रबन्ना मेरा & बलिया।
15. परियोजना प्रबन्धक मैसर्स GAJA-GAINFRA(IV), बलिया।

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद बलिया में जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत 03 नग सतही स्रोत आधारित पेयजल योजनायें निर्माणाधीन है। योजनाओं में मुख्य कार्यों में 03 नग इन्टेकवेल (118 एम०एल०डी० 186 एम०एल०डी० 145 एम०एल०डी०), 03 नग डब्लू०टी०पी० (93 एम०एल०डी० 148 एम०एल०डी० 115 एम०एल०डी०), 09 नग सी0डब्ल्यू0आर0 312 नग अवर जलाशय 2027 किमी० राइजिंग डी०आई० वितरण प्रणाली, 11793 किमी० एच०डी०पी० वितरण प्रणाली एवं अन्य कार्य प्रस्तावित है। जिसे माह दिसम्बर 2026 तक पूर्ण कराया जाना लक्षित है।

फर्म द्वारा कार्यों की प्रगति शासन के पोर्टल jjm.up.gov.in पर साप्ताहिक अपडेट की जाती हैं। फर्म द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति स्थिति निम्नवत हैं-

**1. बेलहरी ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना के निर्माण की कार्यवाही प्रगति:-**

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि, बेलहरी ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य अनुबन्ध सं० 06/ED/Phase-04/2023-24 दिनाक 15.07.2023 अन्तर्गत फर्म मेसर्स EIIL SIPL(IV) द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें मुख्यतः प्रस्तावित कार्यों इण्टेक वेल, डब्ल्यू०टी०पी०, सी०डब्ल्यू०आर०, अवर जलाशय एवं वितरण प्रणाली आदि की प्रगति स्थिति निम्नवत है-

**इण्टेक वेल-**

- योजना के इन्टेक वेल के निर्माण का कार्य 62 प्रतिशत पूर्ण है। जिसमें सिंकिंग एवं एप्रोच ब्रिज का कार्य पूर्ण है शेष कार्य प्रगति पर है।
- ग्राम गोपालपुर में गाटा सं० 239 की एप्रोच की शेष भूमि के अधिग्रहण की कार्यवाही अगामी सप्ताह में पूर्ण कर ली जाएगी।

**डब्ल्यू०टी०पी०-**

- योजना के डब्ल्यू०टी०पी० के निर्माण का कार्य 94 प्रतिशत पूर्ण है। जिसमें सिविल कार्य पूर्ण है एवं मैकेनिकल के आशिक कार्य प्रगति पर है।
- फर्म द्वारा डब्ल्यू०टी०पी० टेस्टिंग का कार्य प्रारम्भ करने हेतु कार्यवाही की जा रही है।

**सी०डब्ल्यू०आर०-**

- योजना के 03 नग सी०डब्ल्यू०आर० के निर्माण का कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण है। जिसमें सिविल कार्य पूर्ण है एवं मैकेनिकल के शेष कार्य प्रगति पर है।

**अवर जलाशय-**

- योजना अन्तर्गत 51 नग अवर जलाशय का निर्माण कार्य तहसील सदर, बैरिया एवं बांसडीह के विभिन्न ग्रामों में कराया जा रहा है।
- योजना अन्तर्गत 26 नग अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण है। शेष 10 नग अवर जलाशय की प्रगति 51 से 75 प्रतिशत एवं 15 नग अवर जलाशय की प्रगति 76 से 99 प्रतिशत है।

<u>वितरण प्रणाली:-</u>

- योजना अन्तर्गत प्रस्तावित राइजिंग मेन 521 किमी0 में से 517 कि०मी० का कार्य पूर्ण है। शेष प्रगति पर है।
- योजना अन्तर्गत प्रस्तावित वितरण प्रणाली, 2535 किमी0 में से 2295 कि०मी० का कार्य पूर्ण है। शेष प्रगति पर है।
- योजना अंतर्गत बिछायी गयी वितरण प्रणाली से 948 कि०मी० विभिन्न मुख्य एवं ग्राम के आन्तिरिक मार्ग क्षतिग्रस्त हुये है जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 891 कि०मी० स्थायी/अस्थायी मरम्मत का कार्य पूर्ण कराया जाना सूचित किया गया है। जिसके ग्रामवार सत्यापन की कार्यवाही करायी जा रही है।

<u>2.हनुमानगंज ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना के निर्माण की कार्यवाही प्रगति:-</u>

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि, हनुमानगंज ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य अनुबन्ध सं0 01/ED/Phase-04/2023-24 दिनांक 14.07.2023 अन्तर्गत्त फर्म मेसर्स L&T द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें मुख्यतः प्रस्तावित कार्यों इण्टेक वेल, डब्ल्यू०टी०पी०, सी०डब्ल्यू०आर०, अवर जलाशय एवं वितरण प्रणाली आदि की प्रगति स्थिति निम्नवत है:-

<u>इण्टेक वेल:-</u>

- योजना के इन्टेक वेल के निर्माण का कार्य 63 प्रतिशत पूर्ण है। जिसमें सिकिंग एवं एप्रोच ब्रिज का कार्य पूर्ण है शेष कार्य बाढ़ में कटान होने के कारण बाधित है।
- ग्राम हैबतपुर में गाटा सं0 402 403 एवं 736/607 की एप्रोच की शेष भूमि के अधिग्रहण की कार्यवाही अगामी सप्ताह में पूर्ण कर ली जाएगी।

<u>डब्ल्यू०टी०पी०-</u>

- योजना के डब्ल्यू०टी०पी० के निर्माण का कार्य 42 प्रतिशत पूर्ण है। शेष कार्य प्रगति पर है।
- योजनान्तर्गत निर्माणाधीन डब्ल्यू०टी०पी० में प्रस्तावित फिल्टरवेड, पम्प हाउस एवं सी०डब्ल्यू०आर० के निर्माण हेतु ग्राम कटरिया में गाटा सं० 314, 315, 318 एवं 322 की भूमि के अधिग्रहण की कार्यवाही अगामी सप्ताह में पूर्ण कर ली जाएगी।

<u>सी०डब्ल्यू०आर०-</u>

- योजना में 04 नग सी०डब्ल्यू०आर० का निर्माण कार्य तहसील रसडा के ग्राम हिंगुवाडीह, तहसील सदर के ग्राम करनई, ग्राम सुखपुरा एंव ग्राम शेर में कराया जा रहा है।

➢ योजना के 04 नग सी०डब्ल्यू०आर० के निर्माण का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण है। जिसमें सिविल कार्य पूर्ण है एवं मैकेनिकल के कार्य प्रगति पर है।

अवर जलाशयः-

➢ योजना अन्तर्गत 151 नग अवर जलाशय का निर्माण कार्य तहसील बांसडीह, सदर एवं रसडा के विभिन्न ग्रामों में कराया जा रहा है।

➢ योजना अन्तर्गत 15 नग अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण है। शेष 12 नग अवर जलाशय की प्रगति 0 से 25 प्रतिशत, 50 नग अवर जलाशय की प्रगति 25 से 50 प्रतिशत, 33 नग अवर जलाशय की प्रगति 50 से 75 प्रतिशत, एवं 38 नग अवर जलाशय की प्रगति 76 से 99 प्रतिशत है। शेष कार्य प्रगति पर है। फर्म द्वारा 03 नग अवर जलाशयों पर कार्य प्रारम्भ कराया जाना शेष है।

वितरण प्रणाली-

➢ योजना अन्तर्गत प्रस्तावित राइजिंग मेन 748 किमी से 322 किमी का कार्य पूर्ण है। शेष प्रगति पर है।

➢ योजना अन्तर्गत प्रस्तावित वितरण प्रणाली 4781 किमी में से 2601 किमी का कार्य पूर्ण है। शेष प्रगति पर है।

➢ योजना अन्तर्गत बिछायी गयी वितरण प्रणाली से 885 किमी० विभिन्न मुख्य एवं ग्राम के आन्तिरिक मार्ग क्षतिग्रस्त हुये है जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 825 किमी स्थागी/अस्थायी मरम्मत का कार्य पूर्ण कराया जाना सूचित किया गया है। जिसके ग्रामवार सत्यापन की कार्यवाही करायी जा रही है।

3. मनियर ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना के निर्माण की कार्यवाही प्रगतिः-

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि, मनियर ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य अनुबन्ध सं० 11/ED/Phase-04/2023-24 दिनांक 19.07.2023 अन्तर्गत फर्म मेसर्स GAJA-GAINFRA (IV), द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें मुख्यत: प्रस्तावित कार्यों इण्टेका वेल, डब्ल्यू०टी०पी० सी०यू०आर० अवर जलाशय एवं वितरण प्रणाली आदि की प्रगति स्थिति निम्नवत है-

इंटेक वेल-

➢ योजना के इन्टेक वेल के निर्माण का कार्य 60 प्रतिशत पूर्ण है। जिसमें इन्टेक वेल के पम्प हाउस कर कार्य प्रगति पर है।

डब्ल्यू॰टी॰पी॰-

- योजना को डब्ल्यू॰टी॰पी॰ के निर्माण का कार्य 58 प्रतिशत पूर्ण है। शेष कार्य प्रगति पर है।

सी॰डब्ल्यू॰आर॰-

- योजना में 03 नग सी॰डब्ल्यू॰आर॰ का निर्माण कार्य तहसील सिकन्दरपुर के ग्राम जमालपुर, ग्राम गौरा मदनपुरा एवं तहसील रसडा के ग्राम गौरीतार में कराया जाना प्रस्तावित है।
- योजना के 03 नग सीडब्ल्यू॰आर॰ के निर्माण में 02 नग सी॰डब्ल्यू॰आर॰ का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण है। जिसमें सिविल कार्य पूर्ण है एवं मैकेनिकल के कार्य प्रगति पर है। 01 नग सी॰डब्ल्यू॰आर॰ का कार्य 25 से 50 प्रतिशत है।

अवर जलाशयः-

- योजना अन्तर्गत 110 नग अवर जलाशय का निर्माण कार्य तहसील सिकन्दरपुर बांसडीह, बेल्थरा रोड एवं रसडा के विभिन्न ग्रामों में कराया जा रहा है।
- योजना अन्तर्गत 15 नग अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण है। शेष 16 नग अवर जलाशय की प्रगति 0 से 25 प्रतिशत, 33 नग अवर जलाशय की प्रगति 25 से 50 प्रतिशत, 23 नग अवर जलाशय की प्रगति 50 से 75 प्रतिशत एवं 20 नग अवर जलाशय की प्रगति 76 से 99 प्रतिशत है। शेष कार्य प्रगति पर है। फर्म द्वारा 03 नग अवर जलाशयों पर कार्य प्रारम्भ कराया जाना शेष है।

वितरण प्रणाली-

- योजना अन्तर्गत प्रस्तावित राइजिंग मेन 758 किमी॰ में से 499 कि॰मी॰ का कार्य पूर्ण है। शेष प्रगति पर है।
- योजना अन्तर्गत प्रस्तावित वितरण प्रणाली, 2477 किमी॰ में से 3160 कि॰मी॰ का कार्य पूर्ण है। शेष प्रगति पर है।
- योजना अन्तर्गत बिछायी गयी वितरण प्रणाली से 753 कि॰मी॰ विभिन्न मुख्य एवं ग्राम के आन्तिरिक मार्ग क्षतिग्रस्त हुये है जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 701 कि॰मी॰ स्थायी/अस्थायी मरम्मत का कार्य पूर्ण कराया जाना सूचित किया गया है। जिसके ग्रामवार सत्यापन की कार्यवाही करायी जा रही है।

4.सतही स्रोत योजनाओं में एवं पूर्व निर्मित/निर्माणाधीन योजनाओं विघुत विभाग के कार्यों की स्थितिः-

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियंता उ०प्र० जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में सतही स्रोत आधारित 03 नग निर्माणाधीन योजनाओं में 15 नग विघुत संयोजन की धनराशि

सम्बन्धित विद्युत वितरण खण्ड को माह मई 2024 में प्रेषित किये जाने के उपरान्त भी योजनाओं पर 13 स्थलों पर विद्युत संयोजन की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है। शेष 02 स्थलों पर कार्य प्रारम्भ नहीं की गयी है। प्रारम्भ कराये गये कार्यों की प्रगति अत्यंत धीमी है। उक्त के अतिरिक्त पूर्व निर्मित/निर्माणाधीन योजनाओं में संयोजन की धनराशि जल निगम द्वारा जमा कराये जाने के उपरान्त भी संयोजन की कार्यवाही लगभग 02 वर्षों से अधिक एवं लगभग 6 स्थलों पर लाइन सिफिटंग का प्राक्कलन उपलब्ध कराये जाने की कार्यवाही विगत 01 वर्ष से लम्बित है।

**5.योजनाओं अन्तर्गत कराये जा रहे वितरण प्रणाली के कार्यों में क्षतिग्रस्त रोड एवं मरम्मत की स्थितिः-**

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता,उ०प्र० जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत कार्यदायी फर्मों द्वारा आवंटित ग्रामों में विभिन्न साइजों की वितरण प्रणाली का कार्य कराया जा रहा है। जो कार्यस्थल की आवश्यकता के अनुसार पक्की सड़क (सी०सी०/खड़जा/बिटुमिन/टाइल्स) अथवा कच्ची पटरी पर बिछायी जा रही है। उक्त के पुनर्स्थापन का कार्य सम्बंधित कार्ययदायी फर्म द्वारा स्वयं कराया जा रहा है। फर्म द्वारा लो०नि० विभाग की विभिन्न सड़को पर चौड़ीकरण/विस्तारीकरण के कारण उक्त मार्गों पर पाइप लाइन नही डालने दिया जा रहा है। जिसमें मुख्यत रसड़ा-कासिमाबाद मार्ग, नगरा बेल्थरा मार्ग, सहतवार-छाता मार्ग नगरा-गढ़वार मार्ग, करम्मर-सुखपुरा आदि मार्ग सम्मलित है।

**6. जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत नल जल मित्र नामांकन एवं जल सेवा आकलन की स्थिति**

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता,उ०प्र० जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत से अधिकतम 02 नल जल मित्र नामांकन का ग्राम प्रधान से प्राप्त करते हुए jjm.up.gov.in पोर्टल पर चढ़ाया जाना है जिसमें 04 विकास खण्डों से 132 नामांकन प्राप्त हो गये है। जिसे पोर्टल पर बढ़ाया जा रहा है। वर्तमान स्थिति के अनुसार 132 के सापेक्ष 14 की कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है। जल सेवा आकलन की कार्यवाही में मुख्यालय से प्राप्त ग्रामों की सूचना के अनुसार जल सेवा आकलन की कार्यवाही सम्बन्धित ग्राम पंचायत सचिव द्वारा ग्राम पंचायत में जल सेवा आकलन के सम्बन्ध में ग्राम पंचायत में बैठक करते हुए तदानुसार उक्त की सूचना जे०जे०एम० डैश बोर्ड-2 पर पंचायत सचिव के ई-ग्राम स्वराज के आई०डी० पासवार्ड से फीड करायी जानी है। वर्तमान स्थिति के अनुसार 116 के सापेक्ष 30 की कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है।

<u>निष्कर्ष एवं निर्देश-</u>

1.फर्मो द्वारा योजनाओं के कार्य धीमी गति से कराये जा रहे हैं। अतः अधोहस्ताक्षरी द्वारा समस्त फर्मो को योजनावार सभी घटको के कार्य तीव्र गति से कराने के निर्देश दिये गये है। एवं आगामी माह में योजनाओं अन्तर्गत अपेक्षित प्रगति न होने की दशा में अनुबन्ध के अनुसार कार्यवाही/पेनाल्टी हेतु शासन को सूचित कर दिया जायेगा।

2.जिलाधिकारी महोदय द्वारा अवर जलाशयों के जलकल परिसर एवं अन्य कार्यों हेतु उपलब्ध कराई गयी भूमि पर स्थानीय विवाद के निस्तारण एवं उपलब्ध करायी गयी समस्त भूमियों के भू-प्रबन्धन समिति से प्राप्त प्रस्ताव के क्रम में पुर्नग्रहण के कार्यवाही हेतु अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को सम्बन्धित उपजिलाधिकारी कार्यालय से सम्पर्क कर यथाशीघ्र निस्तारित कराने हेतु निर्देशित किया गया।

3.जिलाधिकारी महोदय द्वारा क्रय की जाने वाली भूमि में अवशेष भूमि के अधिग्रहण की कार्यवाही यथाशीघ्र पूर्ण कराने हेतु अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को निर्देशित किया। जिससे फर्म द्वारा समय से योजना को पूर्ण करने में कोई बाधा उत्पन्न ना हो।

4. जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त विद्युत वितरण खण्डों के अधिशासी अभियन्ताओं को निर्देशित किया गया कि निर्माणाधीन सतही स्रोत आधारित योजनाओं के विद्युत संयोजन को समय अन्तर्गत पूर्ण करने हेतु सामग्री एवं मैनपावर की उपलब्धता कराना सुनिश्चित करें। योजनाओं का कार्य पूर्ण होने के साथ यह सुनिश्चित कर ले कि किसी भी दशा में योजनाओं का संचालन विद्युत विभाग के कार्यों से अपेक्षित न हो।

5.जिलाधिकारी महोदय द्वारा चौड़ीकरण/विस्तारीकरण मार्गों पर बिछायी जाने वाली वितरण प्रणाली की सूची के साथ उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) कार्यालय एवं लोक निर्माण विभाग/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग को आपसी समन्वय स्थापित करते हुये जल जीवन मिशन अन्तर्गत्त पेयजल योजनाओं के कार्यों एवं उक्त में क्षतिग्रस्त सड़कों के मरम्मत कार्यों को फर्म के माध्यम से ससमय पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

6.हनुमानगंज पेयजल योजना में निर्माणाधीन इण्टेकवेल कार्य बाढ़ की कटान से प्रभावित है। विगत 02 वर्षों से नदी का कटान लगभग 100 मी० हो गया है जिससे उक्त स्थल पर निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे केकटान से प्रभावित होने के साथ-साथ निवासित आबादी के भी प्रभावित होने की सम्भावना है एवं साथ ही इण्टेकवेल के कार्य लगातार प्रभावित हो रहा है। अतः कटान रोधी कार्य कराया जाना अत्यंत आवश्यक है जिसे प्रस्तावित कर बाढ़ खण्ड, सिचाई विभाग अथवा एन०एच०ए०आई० द्वारा कराया जाना उचित होगा। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित विभागों के साथ बैठक कराने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक के अन्त में जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन अन्तर्गत जनपद में कार्य कर रही विभिन्न संस्थाओं यथा-आई०एस०ए०, टी०पी०आई०, डी०पी०एम०यू० एवं अन्य विभागों को उनके द्वारा कराये जाने वाले कार्यों को शासन/प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार निष्पादित कराने के निर्देश दिये एवं जनपद में निर्माणाधीन सतही पेयजल योजना के निर्माण में आने वाली समस्त समस्याओं का निराकरण कराते हुए योजनाओं के कार्यों को निर्धारित समय सीमा अन्तर्गत पूर्ण कराने हेतु समस्त फर्मो को निर्देशित किया गया एवं आपेक्षित प्रगति न होने की दशा में फर्मों विरुद्ध कार्यवाही हेतु पत्रावली प्रस्तुत करने हेतु अधिशासी अभियन्ता, खण्ड, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया।

बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

Digitally signed by
AOJASVI RAJ
Date: 02-02-2026
13:08:08

(ओजस्वी राज)
मुख्य विकास अधिकारी,
बलिया।

पृ०सं० 141 / JJM / 38 दिनांकः 02/02/2026

**प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, किसान बाजार, गोमती नगर, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, बलिया।
3. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, बलिया।
4. परियोजना निदेशक, एन०एच०ए०आई०, आजमगढ़।
5. अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), बलिया।
6. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ, बलिया।
7. अधिशासी अभियन्ता, एन०एच०/प्रान्तीय खण्ड/निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०, बलिया।
8. अधिशासी अभियन्ता सिचाई खण्ड-प्रथम, बलिया।
9. अधिशासी अभियन्ता बाढ़ खण्ड, बलिया।
10. अधिशासी अभियन्ता, यू०पी० प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड, बलिया।
11. टी०डी०एम०, भारत संचार निगम लिमिटेड, बलिया।
12. अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, बलिया।
13. जनपदीय टीम लीडर, मेसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा०लि० लखनऊ।
14. जिला समन्वयक, प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग यूनिट, बलिया।
15 परियोजना प्रबन्धक, समस्त कार्यदायी फर्म।

मुख्य विकास अधिकारी,
बलिया।